RAIPUR CMS Vatavaran TRAVELING
Environment & Wildlife Film Festival and Forum 2015
15 – 18 JANUARY 2015 (THURSDAY – SUNDAY)

प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ के ग्रीन एम्बेसेडर एवार्ड हेतु नामांकन आरम्भ

नई दिल्ली स्थित अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्था सी.एम.एस. वातावरण द्वारा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार तथा वन विभाग छत्तीसगढ़ के सहयोग से आगामी 15 से 18 जनवरी, 2015 तक 04 दिवसीय पर्यावरण एवं वन्य प्राणी फिल्म उत्सव का आयोजन रायपुर में किया जा रहा है। यह रायपुर में अपने ढंग का पहला अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव है जिसमें पर्यावरण के विभिन्न विधाओं पर चुनिन्दा फिल्मों के प्रदर्शन के साथ–साथ प्रख्यात पर्यावरणविदों से विभिन्न महत्वपूर्ण समस्यों पर परिचर्चा, विद्यार्थियों में इको–टूरिज़्म के प्रति जागरूकता लाने के लिए नेचर ट्रेल का आयोजन किया जायेगा। 15 जनवरी को इसके उदघाटन समारोह में वन पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले राज्य के एक स्त्री तथा एक पुरूष पर्यावरण विद को ग्रीन एम्बेसेडर एवार्ड से सम्मानित भी किया जायेगा। इस सम्मान हेतु प्रबुद्ध नागरिकगण, स्वयं सेवी संस्था 31 दिसम्बर, 2014 तक नामांकन प्रस्ताव श्री संदीप श्रीवास्तव, हेड कोआर्डिनेशन सी.एम.एस. वातावरण, रिसर्च हॉउस, 34बी, साकेत कम्यूनिटी सेंटर, नई दिल्ली 110017 को भेज सकते हैं अथवा sundeep@cmsindia.org/ sundeep.cms@gmail.com पर ई–मेल कर सकते हैं। नामांकन हेतु विस्तृत विवरण एवं प्रोफार्मा संस्थान के वेबसाईट **www.cmsvatavaran.org** पर उपलब्ध है।

कृष्ण चन्द्र यादव, भा.व.से.
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (मा.सं.वि. / सू.प्रौ.)
छत्तीसगढ़, रायपुर